श्री बंशीधर नगर, सोमवार
15.04.2024
चैत्र शुक्लपक्ष सप्तमी संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 230

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 05:33 बजे
अस्त - 06:17 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 39 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com | प्रांतीय एकदिवसीय संकुल प्रमुख व संयोजक बैठक >> पेज 03 | सभी 14 सीटों पर जीतेगी भाजपा >> पेज 04

## सुविचार

कोई भी रिश्ता यहां उस वक़्त नजर नहीं आयेगा, जिस वक़्त आपको उसकी सख़्त जरूरत होगी।

## न्यूज अपडेट्स

### दाल लदा ट्रक खाई में गिरा, चालक की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत नौवां माइल के पास दाल लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट कर खाई में गिर गया। रविवार सुबह नौ बजे हुई इस दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिचालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अपना भाई ग्राम छपरा के चालक सुनील सिंह (38,) और परिचालक राम सावक सिंह कोलकाता से ट्रक में दाल लोड करके छपरा जा रहे थे। कोडरमा घाटी स्थित नौवा माइल के पास उनका ट्रक अनियंत्रित होकर पलटकर खाई में गिर गया। दुर्घटना में चालक सुनील की मौके पर ही मौत हो गई।

### हथियार के साथ नशा कारोबारी गिरफ्तार

**रांची।** रांची के मांडर थाना पुलिस ने हथियार के साथ नशा कारोबारी विजय कुमार बॉबी को गिरफ्तार किया है। वह मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा का रहने वाला है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि सूचना मिली कि मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा गांव के निवासी विजय कुमार बॉबी अपने घर में रख कर अफीम का व्यवसाय कर रहे हैं। पिछले वर्ष भी हरियाणा पुलिस के जरिये अवैध रूप से अफीम बिकी करने के आरोप में उसे गिरफ्तार किया गया था। सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने विजय कुमार बॉबी के घर पर जाकर तलाशी ली।

**उजागर** इंडियन बैंक के मैनेजर ने करायी प्राथमिकी

# फर्जी एनएससी से लोन लेकर गबन

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा जिला मुख्यालय में स्थित इंडियन बैंक में फर्जी एनएससी (राष्ट्रीय बचत पत्र) के जरिये लोन लेकर रुपयों का गबन करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में इंडियन बैंक गढ़वा के पूर्व ब्रांच मैनेजर राहुल कुमार चौबे ने पिछले माह गढ़वा थाने में पांच लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी से संबंधित नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। जिनलोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुआ है, उनमें अंकित कृष्णात्रेय, राकेश कुमार तिवारी, नीरज कुमार पाठक, मंगलमूर्ति तिवारी एवं विकेश कुमार तिवारी के नाम शामिल हैं। पुलिस उपरोक्त लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गयी है।

**क्या है मामला**

इंडियन बैंक गढ़वा के ब्रांच मैनेजर के आवेदन के अनुसार वे 1 सितंबर 2020 से 17 जून 2023 तक उक्त बैंक में पोस्टेड थे। उसी दौरान अंकित कृष्णात्रेय, राकेश कुमार तिवारी, नीरज कुमार पाठक, मंगलमूर्ति तिवारी एवं विकेश कुमार तिवारी आदि ने उनके ब्रांच में एनएससी जमाकर लोन स्वीकृत कराया। जिसमें अंकित कृष्णात्रेय ने 2300000, राकेश कुमार तिवारी, नीरज कुमार पाठक ने 2100000-2100000, मंगलमूर्ति तिवारी ने 2500000 एवं विकेश कुमार तिवारी ने 2490000 रुपये लोन लिया। लोन स्वीकृति के बाद संदेह होने पर बैंक की ओर से लोन लेने वाले उपरोक्त लोगों द्वारा जमा की गयी एनएससी की जांच करायी गयी तो एनएससी फर्जी निकला। इसके बाद मैनेजर ने सभी लोन धारकों से पैसा जमाकर लोन बंद कराने को कहा, जिसके बाद लोन धारकों ने बैंक में कुछ राशि जमाकर बैंक से दूरी बना ली। लोन धारक अंकित कृष्णात्रेय ने बैंक मैनेजर को 15000000 रुपए का चेक दिया था जो बाउंस कर गया। उधर मैनेजर राहुल कुमार चौबे ने अपनी नौकरी बचाने के लिए विभिन्न स्रोतों से आर्थिक मदद प्राप्त कर सभी खातों का लोन चुकता किया और पांचों खातों को बंद कराया। उन्होंने अपने आवेदन में पांचों अभियुक्तों के विरुद्ध सोची समझी साजिश के तहत धोखाधड़ी कर लोन लेने का आरोप लगाया है। पुलिस ने भादवि की धारा 420/ 406/ 467/ 468/ 471 के तहत मामला दर्ज किया है।

## रामनवमी : प्रशासन अलर्ट, सोशल मीडिया पर पैनी नजर



**रांची।** रामनवमी के मौके पर सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वाले सीधे जेल जायेंगे। इसे लेकर झारखंड पुलिस की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि रामनवमी त्योहार को देखते हुए सबसे ज्यादा फोकस सोशल मीडिया पर रहेगा। इसके लिए सभी जिलों में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। मॉनिटरिंग सेल बिल्कुल हाईटेक है। राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाली सूचनाएं मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष में एकत्र की जाएंगी। त्योहार के दौरान कई ऐसे तत्व होते हैं, जो समाज में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं ताकि माहौल खराब हो और किसी दूसरे पक्ष को फायदा मिले। रामनवमी त्योहार को देखते हुए पुलिस भी ऐसे तत्वों को बख्शने के मूड में नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और डीसी को अपने-अपने सोशल मीडिया सेल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को लोगों के साथ-साथ महावीरी अखाड़ों और अन्य शांति समितियों को साझा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जो मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है वह काफी हाईटेक है। उदाहरण के तौर पर अगर कोई किसी अनजान सर्वर से मैसेज वायरल करता है तो इसकी जानकारी तुरंत मॉनिटरिंग सेल के जरिए साइबर टीम को दे दी जाएगी। सोशल मीडिया के अलग-अलग विंग के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर नजर रखी जा रही है।

## चार बदमाश गिरफ्तार, तीन कट्टा व 9 गोली बरामद



**गुमला।** पुलिस ने पटेल चौक के नजदीक लूटपाट की घटना को अंजाम देने पहुंचे चार बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम मुन्ना साहू, सूरज कुमार सिंह, शुभम कुमार और बबलू साहू है। सभी जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के चपका के रहने वाले हैं। इनके पास से तीन देशी कट्टा, .303 एमएम की चार गोली, .315 एमएम की तीन गोली और 12 बोर का दो गोली पुलिस ने बरामद की है। गुमला एसपी शंभु कुमार सिंह ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि शनिवार रात सूचना मिली कि गुमला थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास चार संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए हैं। सूचना पर गुमला थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो चारों बदमाश भागने लगे। पुलिस बल ने सभी को पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में तीन देशी कट्टा, 9 गोली बरामद की। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वह पहले भी कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।

## वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 11.6 लाख रुपये बरामद



**रांची।** लालपुर थाना के प्लाजा चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान 11 लाख छह हजार 830 रुपये पुलिस ने बरामद किए हैं।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार शहर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को प्लाजा चौक के समीप लालपुर थाना गश्ती दल और पीसीआर 25 चेकिंग अभियान चला रहे थे। चेकिंग के दौरान एक स्कूटी ( जेएच 01 ईएच 1487 ) को जांच करने पर स्कूटी चालक के पास से 11 लाख छह हजार 830 रुपये बरामद किया गया। स्कूटी चालक से पूछताछ करने पर रुपये पंडरा बाजार समिति ले जाने की बात बतायी गयी है। स्कूटी सवार अंकित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह डिस्टलरी पुल के समीप किराए के मकान में रहता है। मूल रूप से वह बिहार के शेखपुरा का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि वह खूंटी से तगादा कर पैसा लाया था और पंडरा के दाल व्यवसायी सुमित अग्रवाल को देने जा रहा था। इसी दौरान चेकिंग में पकड़ा गया।

**झारखंड : उम्मीदवारों का जनसंपर्क अभियान तेज, प्रशासनिक तैयारियां पूरी, सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

# चार लोकसभा सीटों के लिए 18 से शुरू होगा नामांकन

**रांची।** राज्य में इस बार लोकसभा की 14 सीटों के लिए चुनाव चार चरणों में होंगे। पहले चरण में चार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू होगी और 13 मई को वोट डालें जाएंगे।

राज्य की 14 लोकसभा सीटों में एनडीए, इंडी गठबंधन और अन्य दल अब तक 34 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुके हैं। घोषित प्रत्याशी गर्मी की तपिश में पसीना बहा रहे हैं। लगातार प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। झारखंड में पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के लिए चुनाव होंगे। इसके लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी और उसी तारीख से नामांकन शुरू हो जायेगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जांच की तिथि 26 अप्रैल, नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल और मतदान की तारीख 13 मई है। पहले चरण के लिए एनडीए, इंडी गठबंधन, झापा और सीपीआई ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। एनडीए ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। जबकि, इंडी गठबंधन ने अब तक केवल नौ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है।पांच सीटों पर अब भी प्रत्याशियों की घोषणा बाकी है। सीपीआइ और जेबीकेएस ने भी कुछ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। अब तक न तो एनडीए ने और न ही इंडी गठबंधन ने झारखंड के लिए स्टार प्रचारकों की घोषणा की है। हालांकि, घोषित प्रत्याशी बिना स्टार प्रचारकों के ही अपने स्तर से जनसंपर्क और छोटी-छोटी सभाएं कर रहे हैं। पार्टी के नेताओं से संपर्क और नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने की भी कोशिशें कर रहे हैं। प्रत्याशी गांव-गांव, चौक-चौराहों पर जाकर लोगों से मिल रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रचार सोशल मीडिया पर हो रहा है। प्रत्याशी अपनी रोजाना की गतिविधियां सोशल मीडिया पर डालते हैं।




इंडी गठबंधन का प्रचार अभियान 21 अप्रैल से विधिवत शुरू हो जायेगा। इस दिन रांची के प्रभात तारा मैदान में झामुमो ने न्याय उलगुलान रैली का आयोजन किया है। उस रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, वाम नेता दीपांकर भट्टाचार्य, आप नेता,पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, बिहार के नेता तेजस्वी यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल सहित अन्य इंडी गठबंधन के दिग्गजों का जमावड़ा होगा। उसी दिन से इंडिया गठबंधन का प्रचार अभियान भी जोर पकड़ेगा। इस पूरे कार्यक्रम की बागडोर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के कंधों पर है। वह बीच-बीच में बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा भी ले रही हैं।

उल्लेखनीय है कि सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में पहले चरण में 13 मई, दूसरे चरण में 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, तीसरे चरण 25 मई को गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर और चौथे चरण 1 जून को राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा सीटों का चुनाव होगा। मतगणना 4 जून को होगी।



# पुराने जाम भव का नवनिर्माण नहीं होने से किसानों में रोष

**बंशीधर न्यूज**

**रमना :** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत के गड़गड़वा बांध वर्षो से उपेक्षा का दंश झेल रहा। सिलीदाग-झुरहा मोड़-बुल्का मुख्य सड़क का लम्बे इंतजार के बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित योजना के माध्यम से गत वर्ष से ही निर्माण कार्य कछुये की गति से चल रही है। लेकिन इस सड़क के पुल-पुलिया निर्माण में कछुये जैसे मजबूती नहीं दिख रही।गड़गड़वा बांध में बढ़का भव का मरम्मती कार्य सलोनी शशांक जेभि के द्वारा किया जा रहा है। गत वर्षो से ही यह भव जाम है जिससे पानी निकासी नहीं होता, इस भव के नव निर्माण नहीं होने से पानी निकासी नहीं होगा और इससे तीन पंचायत के किसानों की खेती सिचाई के अभाव में प्रभावित होगा। गड़गडवा बांध में बना भव जाम हो गया है। भव का नव निर्माण नहीं होने से किसानों में असंतोष है। इस संबंध में किसान अशोक चंद्रवंशी ने कहा कि इस भव के जाम होने से धान फसल की पटवन और सिंचाई सही तरीके से नहीं हो पाता है। पैदावार प्रभावित होता है। यदि अभी ही इसका समाधान नहीं किया गया तो सड़क नव निर्माण हो जाने से अगले पांच वर्षो तक धान सिंचाई प्रभावित रहेगा, क्योंकि सिंचाई के लिये पानी ही प्राप्त नहीं हो पायेगा। किसान राजेश कुमार गुप्ता का कहना है कि जब सड़क के जितने भी भव पहले से है उन सभी का नव निर्माण हुआ है तो इस भव का रंगरोगन कर संवेदक द्वारा सरकारी खजाना को लुटा जा रहा है। यदी इस जाम भव को अभी साफ नहीं किया गया तो धान फसल की सिचाई करने में हमलोगों को बहुत कठिनाई होगी। प्रभात सिंह कुशवाहा, राजू कुमार ने कहा कि बढ़का भव गत वर्ष पहले ही अंदर से जाम हो गया। जिससे बरसात का पानी सिचाई के लिये किसानों को नहीं मिल पाता है और किसान को खरीफ फसल की सिचाई में बहुत दिक्कत होती है। इस भव के पानी से सिलीदाग, बाबुडीह और भागोडीह पंचायत के किसानों की खेत की सिचाई होती है। इस सम्बन्ध में संवेदक ने कहा कि इस पुल के लिये नवनिर्माण का योजना नहीं है। केवल टूट फुट को मरम्मती कर ठीक कर देना है, इसके लिये 12-14 हजार का ही एस्टीमिट बनता है।

**न्यूज अपडेट्स**

## झामुमो ने देश का संविधान बचाने के लिये दिया धरना

**मेदिनीनगर :** झामुमो केंद्रीय समिति के निदेशानुसार छः मुहान चौक पर झामुमो पलामू जिला समिति द्वारा संविधान बचाओ देश बचाओ के तहत एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा व संचालन सचिव सन्नू सिद्दीकी ने किया। धरना का शुभारंभ बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। उस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि धरना का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार के द्वारा जो संविधान को खत्म करने की कोशिश की जा रही है उसे रोकना है। उन्होंने कहा कि कैसे कुर्सी पर बैठे दो दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने का काम किया गया। हेमंत सोरेन के खिलाफ एक भी सबूत नही दिखा पाई है उनकी एजेंसियां। हेमंत सोरेन बेगुनाह हैं और जल्द ही वो रिहा होकर बाहर आएँगे। केंद्र के इशारों पर नाचने वाली एजेंसियों के दिन खत्म होंगे। क्योंकि जनता अब संवैधानिक रूप से मोदी जी को हटाकर रहेगी। उन्होंने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा संघर्ष, सामाजिक स्वतंत्रता, सामाजिक समता, सामाजिक न्याय के पुरोधा भारत रत्न से सम्मानित पूरे भारत वर्ष के लिये एक मिसाल थे।

**गढ़वा** ► श्री महावीर मंडल भव्य तरीके से मनायेगा रामनवमी पूजा : राकेश पाल

# झंडा, बैनर, एलईडी लाईट से जगमग होगा गढ़वा

### राजस्थान के कलाकार करेंगे कार्यक्रम की प्रस्तुति

**बंशीधर न्यूज**




**गढ़वा :** श्री महावीर मंडल गढ़वा रामनवमी पूजा काफी आकर्षक एवं भव्य तरीके से मनायेगा। पूरे शहर को झंडा, बैनर, एलईडी लाईट, एलईडी तोरण द्वार से सजाया जायेगा। साथ ही मझिआंव मोड़ झंडा चौक पर समारोह आयोजित कर रामनवमी पूजा में भाग लेने वाले सभी रथ, अखाड़ा एवं कलाकारों आदि को सम्मानित किया जायेगा। रविवार को शहर के होटल एसएनसी में आयोजित इस बैठक में यह निर्णय लिया गया। मौके पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री महावीर मंडल के संरक्षक राकेश पाल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री महावीर मंडल भव्य तरीके से रामनवमी पूजा मनायेगा। रामनवमी पूजा आयोजन को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिये महावीर मंडल के सभी पदाधिकारी व सदस्य दिन रात मेहनत कर रहे हैं। अध्यक्ष कंचन साहू ने कहा कि वर्ष 2018 में श्री महावीर मंडल का गठन किया गया था। वर्तमान में 70 संरक्षक व 52 सदस्य हैं। अध्यक्ष ने कहा कि मंगला जुलूस में पांच हजार से अधिक महिलाएं शामिल होंगी। इस वर्ष राजस्थान से कलाकारों को बुलाया गया है। वे एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष श्री महावीर मंडल को मुस्लिम समाज द्वारा डेढ़ लाख रुपए का सहयोग राशि प्राप्त हुआ है, यह बहुत की खुशी की बात है। अध्यक्ष ने कहा कि श्री महावीर मंडल द्वारा भव्य मंदिर का निर्माण किया जायेगा। उक्त मंदिर में बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक राजू चौबे, दीपक तिवारी, जगजीवन बघेल, सुनील केशरी, उपेंद्र कुमार, विमल शर्मा, अरविंद केशरी, जय प्रकाश पटवा, नंद कुमार गुप्ता, पुनमचंद्र कांस्यकार, अंशु कांस्यकार, विश्वजीत सोनी, राजेश विश्वकर्मा, आशीष अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता, रोहित कांस्यकार, केतन मल्होत्रा, इलु पटवा, प्रदीप केशरी, संतोष कश्यप, अनिल सोनी, राहुल साहू, रवि केशरी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल संसद का गठन



**भवनाथपुर :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में एक सभा आयोजित की गई। विद्यालय के विशाल वंदना कक्ष में प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रधानाचार्य ने संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर की चर्चा करते हुये संवैधानिक तरीके से बाल संसद का गठन की घोषणा की। इस बाल संसद में भैया-बहनों ने बड़े उत्साह के साथ वोटिंग के द्वारा लोकतांत्रिक विधि से मतदान कर पहले कक्षा से दो-दो प्रतिनिधि सदस्य का चुनाव किया। पुनः वह प्रतिनिधि के द्वारा प्रधानमंत्री का चुनाव किया गया। कुल 24 वोट पड़े, जिसमें बहन सुहानी सिंह ने 19 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज किया। इस चुनाव में विभा दीदी एवं आरती दीदी ने पर्यवेक्षक का कार्य किया। वोटों की गिनती पीयूष आचार्य जी द्वारा किया गया। चुनाव के बाद अध्यक्ष का पद भैया शुभम कुमार, प्रधानमंत्री बहन सुहानी सिंह, उप प्रधानमंत्री बहन मानसी सिंह को बनाया गया। प्रधानमंत्री बहन सुहानी सिंह ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विभाग बहन रिंकी कुमारी, जल एवं पर्यावरण विभाग बहन ऐश्वर्या, सांस्कृतिक विभाग बहन अग्रिम सिंह, शिक्षा विभाग बहन इन्दु शुक्ला, खेल विभाग भैया आयुष कुमार, बागवानी विभाग आयुष गुप्ता एवं अनुशासन विभाग बहन मानसी सिंह को दिया गया। मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह 20 अप्रैल को किया जायेगा। इस बाल संसद के गठन में आचार्या शारदा, चिरंजीव, योगेन्द्र भी उपस्थित थे।

## रासलीला देखने पहुंचे सैकड़ो दर्शकों ने हर हर महादेव के लगाये जयकारे



**मेराल :** प्रसिद्ध मां शायर देवीधाम मंदिर परिसर में चल रहे रासलीला के पांचवें दिन शनिवार की रात्रि में वृंदावन से आये कलाकरों ने जालंधर वध लीला का संजीव मंचन किया। जिसे देखकर सभी दर्शक भाव विभोर हो गये। जैसे ही भगवान शिव ने जालंधर का वध किया पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। वृंदावन के विशाखा रमण बिहारी रासलीला मंडली के निर्देशक स्वामी दाऊ दयाल उपाध्याय ने बताया कि जालंधर अपनी शक्तियों के मद में चूर भगवान विष्णु, ब्रह्मा व शंकर से भी युद्ध करने पहुंच जाता है। जालंधर की पत्नी वृंदा जो भगवान विष्णु की भक्त के साथ एक पतिव्रता स्त्री भी थी, जिससे उसका शक्ति और बढ़ जाता था। उसके पतिव्रता धर्म तोड़ने के लिये भगवान विष्णु ने जालंधर के भेष में वृंदा के पास जाते हैं, वह अपना पति समझकर उनके साथ पत्नी के समान व्यवहार करने लगी। जिससे वृंदा का पतिव्रत धर्म टूट गया और शिव ने जालंधर का वध कर दिया। विष्णु द्वारा सतीत्व भंग किये जाने पर वृंदा ने भगवान को पत्थर होने का श्राप दे देती है। तभी से भगवान शालिग्राम के रूप में पूजे जाते हैं। वृंदा के श्राप को सुनकर देवी लक्ष्मी उसे भी काष्ठ हो जाने का श्राप दे देती हैं। तब से वह तुलसी के रूप में धरती पर विद्यमान है। आज भी तुलसी के बिना भगवान शालिग्राम का भोग नहीं लगता है।

# पेयजल संकट एवं मतदान केद्रों पर एमएफ सुविधाएं सुनिश्चित करें : डीसी

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** गर्मी मौसम के मद्देनजर संभावित पेयजल संकट से निपटने एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केद्रों पर एमएफ सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर रविवार को समाहरणालय गढ़वा के कॉन्फ्रेंस हॉल में डीसी शेखर जमुआर ने समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में सर्वप्रथम पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, सोशल मोबलाईजर तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिले के सभी प्रखंडों में गर्मी के मौसम को देखते हुये चापाकलों, जलमीनारों एवं पेयजल के अन्य स्त्रोतों की समुचित व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर निर्देशित किया गया। साथ ही लोकसभा आम चुनाव के तहत जिले में बनाये गये मतदान केन्द्रों पर एएमएफ की सुविधा को लेकर भी समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित सभी अभियंताओं ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर एएमएफ के तहत बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था कर दी गई है। कुछ मतदान केंद्रों पर रनिंग वाटर में समस्याएं आ रही है, जिन्हें ससमय पूर्ण कर लिया जायेगा। डीसी ने प्राथमिकता के आधार पर ऐसे क्षेत्रों में पानी टैंकर समेत अन्य वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया।

डीसी ने कहा कि वैसे क्षेत्र जहां पर जलस्तर नीचे चला गया है, उन क्षेत्रों में भी पानी टैंकर से व्यवस्था करने का निर्देश दिया। विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के हेसातु में विद्युत आपूर्ति बहाल करने को लेकर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में रह रहे लोगों के लिये पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, विशेष कार्य पदाधिकारी संजय प्रसाद, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सोशल मोबलाइजर आदि उपस्थित थे।

# अंबेदकर जयंती पर धरना. संविधान को समाप्त करने का प्रयास कर रही है भाजपा : झामुमो

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी गढ़वा के तत्वावधान में नेताओं ने रविवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के मौके पर सहिजना मोड़ पर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी संविधान को खत्म करने का प्रयास कर रही है। संविधान के रचयिता की देश में आज प्रतिमा भी सुरक्षित नहीं है। कई राज्यों में इनकी प्रतिमा को खंडित किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ही लोकतंत्र में आम आवाम को संविधान के द्वारा अधिकार दिलाये थे। उसको आज नष्ट करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। लोकतंत्र में पांच साल के बाद जनादेश प्राप्त करने का प्रावधान है, उसे भी भाजपा द्वारा समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा सत्ता के लिये विपक्षी पार्टियों को बगैर कसूर जेल में डाल रही है। सत्ता पाने के लिये ईडी, सीबीआई आदि का इस्तेमाल कर उन्हें अपने हाथों की कठपुतली बनाकर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। जनता सब देख और समक्ष रही है। लोकसभा के चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाने का मन बना चुकी है। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्षं तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, अहमद अली, रेखा चौबे, रीता देवी, पूनम देवी, सपना देवी, किरण देवी, सोनी देवी शंभू चन्द्रवंशी, दीपमाला देवी, अशर्फी राम, सफीक अंसारी, चंदन पासवान, मुखराम भारती, संजय सिंह छोटू, सुरेन्द्र यादव, संजय मिश्रा, श्यामनारायण उपाध्याय, फुजैल अहमद, सोनी देवी, अमित सिंह, रंथा नायक, अहमद अली, सलीम जाफर, मंजर आलम खां, जब्बार अंसारी, कमलेश सिंह, रिंकु अंसारी, मंगरू सिंह, जमील अंसारी, आलमगीर अंसारी, इद्रीश अंसारी, अनिल भारती सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# युवा अम्बेडकर क्लब के तत्वावधान में मनायी गयी अंबेडकर की जयंती

**बंशीधर न्यूज**



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के अहिपुरवा में स्थित काली मंदिर के प्रांगण में रविवार को युवा अम्बेडकर क्लब के तत्वावधान में सविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, माले नेता वरुण बिहारी यादव, झामुमो नेत्री किरण देवी, कामेश्वर विश्वकर्मा एवं क्लब के संरक्षक प्रदीप राम ने संयुक्त रूप से बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। उस मौके पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने समाजिक असमानता, जातिगत भेदभाव मिटाने का अथक प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सविंधान निमार्ता बाबा साहेब ने सविंधान के द्वारा हमे बराबरी का अधिकार दिया है। हम सबों को उनके बताये मार्ग का अनुशरण करना चाहिये। मौके पर झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, क्लब के मुख्य संरक्षक सुभाष पासवान, शंभू राम, अशोक चंद्रवंशी, गुलाब पासवान, जयकुमार पासवान, अशोक मेहता, रामाधार राम, बाबूलाल पासवान, राजेंद्र राम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### बाबा साहब की जयंती मनायी

**रमना :** युवा अम्बेडकर क्लब सिलिदाग-गड़ई के तत्वावधान में भारत रत्न भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर मिशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें दूसरे प्रखंड़ से आये कलाकारों नें मिशन गीत से समा बांध दिया। कार्यक्रम की शुरूआत बौद्धिक मन्त्रोंचार और सामूहिक दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ताहिर अंसारी व मानवाधिकार गढ़वा जिलाध्यक्ष अजय यादव ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर सहायक अध्यापक दिलीप कुमार, अजय चंद्रवंशी, बुल्का मुखिया अनीता देवी, वर्तमान विधायक प्रतिनिधि रुपनारायण यादव, शिवकुमार सिंह कुशवाहा आदि लोग उपस्थित थे।

### गांवों में लगे भाजपा प्रत्याशी बहिष्कार के पोस्टर

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के विरोध में अब लोग खुलकर सामने आने लगे हैं। कई गांव में तो प्रत्याशी बहिष्कार के संबंध में बैनर व पोस्टर भी टंग गये हैं। पोस्टर पर भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद लेकिन भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम मुदार्बाद के नारे अंकित हैं। पोस्टर पर मोदी तुमसे बैर नहीं, बाहरी बीडी राम की खैर नहीं, बाहरी सांसद प्रत्याशी नहीं चलेगा पलामू का प्रत्याशी घोषित करो, फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर 12 प्रतिशत अनुसूचित जाति के हक मारने वाला प्रत्याशी झारखंड को नहीं चाहिये आदि लिखे हुए हैं। पोस्ट पर अंत में निवेदक आम जनता पलामू लोकसभा क्षेत्र लिखा हुआ है।



## वृक्षों से सांसों का और बाबा साहब से संविधान का है रिश्ता : पर्यावरणविद

**बंशीधर न्यूज**

**छतरपुर :** पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण व वितरण कर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाई। पर्यावरणविद और पार्षद ने छतरपुर अनुमंडल के माडवा पंचायत के ग्राम नासो से डॉ भीमराव के जन्मदिन पर निकली शोभा यात्रा में शामिल हुये। वहीं बगैया पंचायत के तेलियाडीह में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुये पौधा समर्पित किया। उन्होंने खरवारडीह में संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात संत रविदास जी के प्रांगण में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ गंगा वर्धन नारियल लगाकर उन्हें थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और लीची समर्पित किया। उन्होंने लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुये कहा कि पर्यावरण धर्म के पहला मूल मंत्र में जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य एवं श्राद्ध पर पौधा लगाकर उसे बचाने का विधान है। उन्होंने कहा कि जो देता है उसे देवता कहा जाता है। वृक्ष और बाबा साहेब की जीवनी और कार्यशैली में काफी समानता है। दोनों का ही समाज के लिये अतुलनीय योगदान रहा है। छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि बाबा साहब का संविधान को सदैव अनुपालन करना चाहिये। उन्होंने कहा है कि भाग्य पर कम और कर्म पर ज्यादा विश्वास करना चाहिये। कार्यक्रम में शामिल महिला पुरुषों ने पर्यावरणविद कौशल और पार्षद अमित का गर्मजोशी से स्वागत किया। ग्रामीणों ने उनकी कार्यों की सराहना की। गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में मांडवा पंचायत एवं बगया पंचायत के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। शोभायात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में पूर्व डीआईजी राकेश रंजन, मड़वा के पूर्व मुखिया कमलेश राम, पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी, बगया पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, धर्मेंद्र रजक, बृजेश राम, अशोक राम, संजय राम, रामस्वरूप राम, रवि विश्वकर्मा, नागेंद्र राम, पंकज राम, कपिल राम, जितेंद्र, रमेश, अजय, सुशील, दिनेश, देवव्रत, अजीत, विनोद राम, उषा देवी, राम जन्म राम, उपेंद्र कुमार, अरुण राम, रवींद्र यादव, बिरजा राम, लालू यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

**गढ़वा** जन्मदिन पर याद किये गये भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर

# बाबा साहेब अंबेदकर ज्ञान के प्रतिक थे : रघुराई राम

**बंशीधर न्यूज**



**मेराल :** संविधान निमार्ता डा भीमराव अंबेडकर की जयंती रविवार को प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मनाई गई। दर्जनों जगह कार्यक्रम का आयोजन कर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर लोगों ने उन्हें नमन किया। साथ ही भारतीय संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय के हाईस्कूल प्रांगण तथा बस स्टैंड, गुरु रविदास आश्रम संगवरिया, रजहारा, लोवादग स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप जलाकर जयन्ती समारोह का शुभारंभ बामसेफ के झारखण्ड स्टेट कोऑर्डिनेटर एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ गढ़वा के जिलाध्यक्ष रघुराई राम ने किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भारतीय संविधान शिल्पकार के साथ साथ ज्ञान के प्रतिक थे। विपरीत परिस्थितियों में ज्ञान अर्जीत करने वाले बाबा साहेब दुनिया के श्रेष्ठम विद्वानों में एक थे। लोवादाग के कार्यक्रम में बच्चों के बीच पठन सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही भाजपा, बसपा, जेएमएम आदि राजनीतिक पार्टी के नेताओ, कार्यकताओं द्वारा भी उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इधर प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर संचालन समिति द्वारा भी मंदिर परिसर में संविधान निमार्ता बाबा साहेब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन करने वालों में अध्यक्ष संजय भगत, मनोज जायसवाल, रवींद्र प्रसाद वर्मा, देवेंद्र शर्मा, कमलेश कुमार वैद्य सहित कई लोग शामिल थे।

### अंबेडकर जयंती पर डीसी ने बाबासाहेब को किया नमन



**गढ़वा :** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर डीसी शेखर जमुआर ने समाहरणालय के सभागार में डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भी डॉ अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही सभी ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने एवं संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया।

### बाबा साहब की जयंती मनायी गयी



**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड क्षेत्र के बरडीहा गांव निवासी सह झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राहत हुसैन के आवास डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राहत हुसैन ने कहा कि बाबा साहेब एक महान व्यक्ति थे, जो अपने समाज के सभी अधिकारों के लिये लड़ाई लड़ी। तब जाकर हमारे समाज को एक पहचान मिली और आजादी मिली। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जनकल्याण के लिये याद किये जाते हैं। उनका विचार था कि सभी को सम्मान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने। उन्होंने कहा कि बाबा साहब सार्वजनिक जीवन में उन्होंने छुआ छूत एवं भेदभाव का विरोध किया। मौके पर डॉ रिजवान अहमद, सुमंत कुमार रवि, परवेज आलम, मकसूद आलम, खुर्शीद आलम, गुलाम आलम, इंतजार आलम, रागिब अनवर, असलम अंसारी, अल्ताफ अंसारी, अप्पू, नौसाद आलम सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

### विहिप ने रेहला में मनाया राम जन्मोत्सव



**विश्रामपुर :** विश्व हिंदू परिषद की ओर से जिले के विश्रामपुर प्रखंड के 51 जगहों पर राम जन्मोत्सव मनाया गया। इसी तरह जिले में करीब एक हजार स्थान पर राम जन्मोत्सव मनाने की योजना बनाई गई थी। 14 अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद ने समरसता आयाम के तहत अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाया। साथ ही हनुमान जयंती भी मनाई गई। रविवार को विश्रामपुर प्रखंड में संगठन का विस्तार भी किया गया। विक्रम आदित्य बक्शराय को प्रखंड अध्यक्ष, राज कुमार मेहता को प्रखंड मंत्री, अंश सोनी को बजरंग दल के प्रखंड संयोजक, राजा बाबू को प्रखंड सहसंयोजक, विकास कुमार को प्रखंड बलो पासना प्रमुख मनोनित किया गया। सिगसिगी पंचायत के संयोजक रणजीत कुशवाहा, सह संयोजक हिमांशु सोनी रेहला नगर के संयोजक गोलू गुप्ता, सह संयोजक सुमित गुप्ता, गुरहा पंचायत के संयोजक अरुण गुप्ता को मनोनित किया गया। कार्यक्रम में जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप कुमार गुप्ता, सह संयोजक हिमांशु पांडेय, आदित्य झा, अभिषेक जी, संतोष ठाकुर, अमित कुमार ठाकुर, साकेत जी, गोलू मिश्र, सचिन पासवान, सूरज कुमार, सोनू कुमार विश्वकर्मा, ओमप्रकाश, विशाल कुमार, संजय यादव सहित सैकड़ों कार्यकताओं की सहभागिता रही।

## झारखंड कुर्मी महासभा की बैठक संपन्न

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** शहर के दीपुवा मुहल्ला पटेल नगर स्थित जेपीएस सेंट्रल पब्लिक स्कूल में रविवार को झारखंड कुर्मी महासभा के गढ़वा जिलाध्यक्ष डॉ ज्वाला प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात जिले में कुर्मी समाज को एकजुट कर जोड़ने के लिये अधिक से अधिक सदस्य बनाने को लेकर चर्चा किया। साथ ही सभी को अध्यक्ष ने समाज को जोड़ने और आगे बढ़ने को लेकर शपथ दिलाया। जिला महासचिव गोरख नाथ चौधरी ने कहा कि आज हमारा समाज आर्थिकतथा राजनितिक रूप से काफी कमजोर है। हम सब को आज के राजनीतिक हालत पर भी ध्यान देना जरूरी है। समाज के बच्चे को शिक्षित करना बहुत जरूरी है। मौके पर जिला उपाधयक्ष बिनोद कुमार चौधरी, नारद चौधरी, बजेंद्र चौधरी, मिथिलेश चौधरी, शिवकुमार चौधरी, धनंजय पटेल, किशोर चौधरी, राजेश्वर चौधरी, अर्जुन चौधरी, अखिलेश चौधरी, मदन पटेल आदि लोग उपस्थित थे।

## भवनाथपुर में मनी अंबेडकर की जयंती

**बंशीधर न्यूज**



**भवनाथपुर :** संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई। उस मौके पर अंबेडकर युवा परिषद मकरी के तत्वावधान में प्रखंड में भव्य रैली निकाली गई। यह रैली मकरी पंचायत से रवाना हुई, जो खरौंधी मोड़, बाजार, कपूर्री चौक, रेलवे साइडिंग, टाउनशिप अंबेडकर पार्क होते प्रखंड कार्यालय होते मकरी पंचायत भवन में समाप्त हुई। रैली में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया। वहीं युवा हाथों में नीले झंडे लेकर बाबा साहेब डॉ अंबेडकर अमर रहे और जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान टाउनशिप अंबडेकर पार्क में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। मौके पर राजेश राम, गुलाब राम, रामेश्वर साह, विजय कुमार, लक्ष्मीचंद प्रजापति, मनोज यादव, सुनील राम, मनोज पाल, अनुराग कुमार, अजीत कुमार, विष्णु कुमार, नंदन कुमार, संतोष कुमार, सोनू कुमार आदि उपस्थित थे।

### प्रांतीय एकदिवसीय संकुल प्रमुख व संयोजक बैठक संपन्न

# संकुल संरचना विद्यालयों की विकास के लिये अहम

**बंशीधर न्यूज**




**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती की ओर से रविवार को एकदिवसीय संकुल प्रमुख व संकुल संयोजक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव, विद्या विकास समिति के उपाध्यक्ष सतीश्वर प्रसाद सिंह, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से भारत माता, ॐ और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुये प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि संकुल संरचना विद्यालयों की विकास के लिये अहम है। संकुल विद्यालय संसाधनों का संकुल के विद्यालय मिलकर उपयोग करें। संकुल का प्रमुख कार्य विद्यालय का शैक्षणिक उत्कर्ष करना है। संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजक को कार्यकर्ता निर्माण की प्रवृत्ति होनी चाहिये। नये कार्यकर्ता को प्रेरित कर कार्य में संलग्न करना चाहिये और उन्हें हर संभव सहयोग भी प्रदान करना चाहिये। अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव ने कहा कि संकुल विद्यालय अखिल भारतीय स्तर से बनी योजनाओं का अपने विद्यालयों में क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें, जिससे संकुल योजना का मूल उद्देश्य की पूर्ति हो। इसके लिये समय-समय पर प्रयोग बैठक एवं कार्यशाला करनी चाहिये। संकुल प्रमुख को अपने विद्यालय के अतिरिक्त संकुल में संचालित समस्त विद्यालयों का चिंतन करना चाहिये। संकुल केंद्र आदर्श विद्यालय बने इसे भी प्रेरित करना चाहिये। बैठक में कुल 39 संकुल से संकुल प्रमुख और संकुल संयोजक उपस्थित थे। कार्यक्रम में पूर्णकालिक कार्यकर्ता अखिलेश कुमार, फणींद्रनाथ, राजेश प्रसाद, ओम कार प्रकाश सिंहा, सुरेश मंडल, विवेक नयन पांडेय, तुलसी प्रसाद ठाकुर, रमेश कुमार, ब्रेन कुमार टुडू, ब्रजेश कुमार सिंह समेत विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य और आचार्य विषय प्रमुख के रूप में उपस्थित थे।

## कन्या विवाह विकास सोसायटी ने दी विदाई सामग्री

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** जिले के गरीब की बेटियों के लिये कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी सहारा बनकर आगे आ रहा है। सोसाईटी की ओर से रविवार को जिला मुख्यालय के विशुनपुरा प्रखंड के अमहर पंचायत गांव निवासी विक्रम वियार की पुत्री को विवाह सामग्री दिया गया। सोसाइटी के जिला प्रबंधक बबन उर्फ अयूब खान ने बताया कि बाल विवाह को रोकने के लिये संस्था की ओर से लड़कियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विवाह सामग्री का वितरण किया जाता है। संस्था की ओर से बर्तन सेट, बेडशीट, तकिया, रजाई तोशक, बक्सा वर वधू के कपड़े और श्रृंगार का सामान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी झारखंड बिहार में हजारों लड़कियों को शादी में सहयोग कर चुका है। अब यह संस्था छत्तीसगढ़ व महानगर मुंबई में भी जागरूक करने का कार्य शुरू कर दी है। बहुत जल्द महानगर के मुंबई में भी सामुहिक विवाह कराकर अपने गरीब बहनों का डोली सजाने का कार्य करेगा। उन्होने कहा कि गढ़वा जिला में संस्था की ओर से सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रम लगातार किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अब तक दर्जनों गरीब लड़कियों की शादी में विदाई सामग्री देने में सहयोग किया है। मौके पर संस्था के कन्या विवाह के कार्यकर्ता प्रमण्डल प्रभारी विभूति पांडेय, रंजीत कुमार, विकास तिवारी, शंकर मेहता, योगेंद्र पासवान, अमित वियार आदि उपस्थित थे।

# भाजपा झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेगी : बाबूलाल मरांडी

### लोहरदगा विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**लोहरदगा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बूथ कार्यकताओं को संबोधित करते कहा कि जो व्यक्ति जेल में है, बेल में है वे मोदी के संकल्प को पूरा करने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेगी। बाबूलाल मरांडी रविवार को ललित नारायण स्टेडियम में लोहरदगा विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मोदी सभी एक सौ चालीस करोड़ लोगों की चिंता करते हैं। लेकिन कुछ लोग केवल अपनी चिंता करते हैं। मोदी इलाज की व्यवस्था की पांच लाख तक पूरा इलाज करा सकते हैं। मोदी गरीबों की राशन,जल,शौचालय, घर, सहित कई अन्य व्यवस्थाओं को बहाल किया, जो व्यक्ति देश की तरक्की और विकास का बात करत हों। उसका एक ही लक्ष्य हमारे देश का आर्थिक रूप से सशक्त किया जाना लक्ष्य और 11वें स्थान अब तीसरे स्थान पर आर्थिक रूप से हमारा देश मजबूत होगा। हमारा देश विज्ञान, मोबाइल,स्वास्थ्य सुरक्षा यंत्र सहित अनेक क्षेत्रों में केवल आयात करते थे। लेकिन आज हम निर्यात कर रहे हैं क्योंकि आज अपने लोगों पर भरोसा है उसे अवसर दिया कोरोना काल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। हमारा देश एक नहीं दो दो वैक्सीन बनाया, चंद्रयान का सफल लैंडिंग हुए जहां विकसित देश भी नहीं पहुंच पाए। यह मोदी के सबका साथ,सबका विकास ,सबका विश्वास और प्रयास मूल मंत्र का परिणाम है।



उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के लोग झारखंड की बात करते हैं पर उन्हें झारखंड बेचने के जुर्म में सजा भी मिली। कांग्रेस ने सत्तर वर्ष तक राज किया परंतु गांव के लोग को झांकते भी नहीं थे। बिजली केवल शहरों के लिए केवल सिमित कर दिया। लोग लालटेन ,ढिबरी के उपयोग करते थे पर मोदी के राज्य में ढिबरी गायब अब हर घर बिजली हैं।मोबाइल, एसी फ्रीज कूलर सभी उपभोग कर रहे है।

उन्होंने कहा कि देश का कोई ऐसा मुख्यमंत्री जो अपने नाम से खदान लिया, परिवार के नाम उद्योग के लिए जमीन लिया। परीक्षा पूरी हो नहीं रही। पेपर लिक हो रहा। इकनॉलेजमेंट नहीं रहे ताकि सच्चाई पता लग जाएगी। विपक्ष भाजपा को इसाई मुसलमान को विरोधी बताते हैं परंतु उन्हें यह नहीं पता मोदी और भाजपा सबके विकास के लिए योजना बनाती है। लाभ भी मिल रहा है। आज नार्थ ईस्ट में अल्पसंख्यक भाई बहनों की संख्या है। वहां भाजपा की सरकार है।

लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि समीर उरांव हमारे छोटे भाई हैं, जिस प्रकार से हमें आपलोगों ने तीन तीन बार आशीर्वाद दिया है और मोदी के हाथ को मजबूत किया। उसी प्रकार से इसबार भी दोगुनी ऊर्जा के साथ सगठन को मजबूत करते हुए एक बड़ी अंतर से विजय दिलाएंगे, जिसमें हमारे लक्ष्य पूरे होंगे। हमारा लक्ष्य मोदी के विकास से कार्यों को दोगुनी गति से आगे बढ़ाने की होनी चाहिए।

लोहरदगा प्रत्याशी समीर उराव ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो गरीब लोगों की समस्याओं कोसुनती है और सुनकर उनका समाधान निकालने का काम भी करती है। उसकी पीड़ा को समझी है। नरेंद्र मोदीजी की ही सरकार है, जिन्होंने गरीब को कोरोना में बचाया , वैक्सीन दी, अनाज दिया ताकि भूखे न मरे और अनाज देकर मजबूत करने का काम किसी ने किया है तो नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। ये लोकतंत्र का महापर्व है, इसमें हमें पुनः मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

## 'विकास' झारखंड मुक्ति मोर्चा के शब्दकोश में नहीं है : सुदेश

**गिरिडीह।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो रविवार को बेंगाबाद, गिरिडीह में आयोजित ग्राम प्रभारी एवं चुल्हा प्रमुख सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान महतो ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झामुमो ने सालों तक गांडेय में 'राज' किया है, लेकिन क्षेत्र का विकास नहीं खुद का विकास करना झामुमो की प्राथमिकता रही है। विकास झारखंड मुक्ति मोर्चा के शब्दकोश में नहीं है। अब यहां से राजा परिवार चुनाव लड़ने की तैयारी में है। राजा परिवार जहां हाथ रख दे, उस सीट को खाली करनी पड़ती है। अब जनता को तय करना है कि उसे चेहरा चाहिए या काम।



सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जनता को बिना बताए यहां के विधायक का इस्तीफा जनादेश का अपमान है। एक परिवार के निजी स्वार्थ और सत्ता की महत्वाकांक्षा का परिणाम है यहां का उपचुनाव। इन्होंने जनता को छलने का काम किया है। इसका जवाब जनता अपने वोट के चोट से देगी। उन्होंने कहा कि राज्य को कुशल नेतृत्व देना हमारा लक्ष्य है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हमारे सभी कार्यकताओं की भूमिका अहम है। कार्यकर्ता पार्टी द्वारा दी गयी सांगठनिक जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी तन्मयता के साथ करें। मैं भी एक कार्यकर्ता हूं। सांगठनिक मजबूती के आधार पर हम सभी मिलकर गांडेय में राजनीतिक बदलाव करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक 10 चूल्हा का नेतृत्व हमारा चूल्हा प्रमुख कर रहे हैं। पार्टी ने पृष्ठभूमि देखकर नहीं उनकी काबिलियत देख कर गरीब परिवार से आने वाले लोगों को महत्वपूर्ण दायित्व दिया है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया नमन

सम्मेलन से पूर्व सभा स्थल पर पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने शोषितों व वंचितों के हक की लड़ाई लड़ी। उनके विचारों को हम सभी को अपनाने और उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है।

## विकास के नाम पर भाजपा ने लोगों को सिर्फ ठगा : कालीचरण मुंडा



**खूंटी।** खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने रविवार को खूंटी विधानसभा क्षेत्र के कर्रा प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया। कालीचरण मुंडा ने कर्रा प्रखंड के लोधमा, सावड़ा ,घुनसुली, कुदलुम, कुलहुटू आदि गांवों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की। मुंडा ने सावड़ा ग्राम के ग्रामीणों के साथ डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में विकास का पहिया थम गया है। क्षेत्र में विकास के नाम पर भाजपा ने सिर्फ ठगा है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण आज हर वर्ग परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना सरकार की विफलता है। उन्होंने भाजपा सांसद का पांच साल के कार्यकाल निराशाजनक बताया और कहा कि अब जनता को समझ जाना चाहिए कि कौन व्यक्ति उनके साथ हर कदम पर खड़ा है।

# भाजपाइयों के ऊर्जा श्रोत हैं मोदी, झारखंड की 14 सीटों पर होगी जीत : लक्ष्मीकांत वाजपेयी



### रामगढ़ और बड़कागांव विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ हुई अहम बैठक

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा सीट पर विजय प्राप्त करने के लिए भाजपा पहले से ही आश्वस्त है। यहां के कार्यकताओं को बस हनुमान जी की तरह उनकी ताकत याद दिलानी है। इनके ऊर्जा का स्त्रोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों से बूथ स्तर तक के कार्यकताओं को ताकत मिलती है। यह बातें रविवार को रामगढ़ में भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कही। वे रामगढ़ और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं के साथ बैठक करने रामगढ़ शहर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एक वानर सेवा के रूप में काम करती है। उनके अंदर राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है। यही वजह है कि हम सिर्फ हजारीबाग लोकसभा सीट ही नहीं बल्कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त करेंगे।



### हताश और निराश विपक्ष हार की कगार पर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि झारखंड में विपक्ष हताश और निराशा है। यह सिर्फ बौखला कर ईडी और सीबीआई की बात रखता है। जबकि हकीकत यह है कि जिन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ शिकायत मिली, ईडी ने उन्हें सलाखों के पीछे भेजा। जिन लोगों को भी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया उन्हें 12 दिनों की ईडी की डिमांड पर भेजा गया। समय अवधि खत्म होने के बाद उन सभी भ्रष्टाचारियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। ऐसा कोई भी नहीं जिसे न्यायालय ने पहले ही दिन खड़े-खड़े जमानत दे दी हो। इसका मतलब साफ है कि ईडी ने जितने मामलों की जांच की है वह प्रथम दृश्य सत्य हैं।

### हर चौखट से मिलेगा जीत का आशीर्वाद

लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि भाजपा का एजेंडा साफ है। जनमानस का विकास और भारत माता का अर्चन इसी उद्देश्य के साथ भाजपा ने विकास की नई लकीर खींची है। अगर झारखंड की बात करें तो यहां की सरकारों ने जितने गलत काम किए हैं वह भी उजागर हो चुके हैं । उनके गलत कामों का प्रचार हम कर रहे हैं तो हम पर अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं। जनता इन सारी बातों को जानती है। सिर्फ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि झारखंड के हर चौखट से भाजपा को जीत का आशीर्वाद मिलेगा।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)